प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 08.04.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुद्रा योजना के दस वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नयी दिल्ली में लाभार्थियों से किया संवाद, कहा– वित्तीय समावेश के साथ साथ सामाजिक समावेश और आर्थिक स्वतंत्रता को मिला बल।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से थोड़ी देर बाद राज्य मंत्रिपरिषद की होगी बैठक, युवाओं के लिए ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को मिल सकती है मंजूरी।
3. राज्य सरकार ने 2025–26 को घोषित किया आदिवासी स्वाभिमान वर्ष, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश, एससी–एसटी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर।
4. केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय के पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण आज से शुरु, सरकार ने कुपोषण से निपटने की दोहरायी प्रतिबद्धता।
5. गर्मी शुरु होते ही राज्य के कई हिस्सों में शुरु हुई पेयजल की किल्लत, गढ़वा में शुरु हुआ चापानल मरम्मत के लिए विशेष अभियान।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के लाभार्थियों के साथ अपने निवास पर बातचीत की। इस प्रमुख योजना के अप्रैल 2015 में शुरू होने के बाद आज दस साल पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को बधाई दी और बताया कि यह योजना किस तरह से लोगों के जीवन को बदलने में मदद कर रही है। प्रधानमंत्री ने बताया कि मुद्रा ऋण के 70 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं और लगभग आधे लाभार्थी अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्ग के हैं।

******************

झारखंड में भी मुद्रा योजना स्वरोजगार सृजन का माध्यम बन गयी है। सिमडेगा के एक लाभार्थी शुभम कुमार ने कहा कि इस योजना ने पूरी तरह से उसके जीवन को बदल दिया है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में अब से थोड़ी देर बाद राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक होगी। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होने वाली बैठक में राज्य और लोकहित में विभिन्न विभागों के कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी मिल सकती है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में युवाओं के लिए ग्रास रूट इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को मंजूरी मिल सकती है।

******************

राज्य सरकार ने 2025–26 को आदिवासी स्वाभिमान वर्ष घोषित किया है। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने इस सिलसिले में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। उन्होंने एससी–एसटी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया।

******************

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय आज से पोषण पखवाड़ा का 7वां संस्करण मना रहा है, जो देशभर में कुपोषण से निपटने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस वर्ष के पोषण पखवाड़ा का फोकस चार मुख्य विषयों पर है – जीवन के पहले 1000 दिनों के दौरान देखभाल, पोषण ट्रैकर के लाभार्थी मॉड्यूल का प्रचार–प्रसार, कुपोषण का प्रभावी प्रबंधन, और बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है। पोषण अभियान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रमुख पहल है। जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरी लड़कियों और छह वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों को सुधारना है।

******************

गर्मी शुरु होते ही राज्य के कई हिस्सों में पेयजल की किल्लत शुरु हो गयी है। देवघर जिले में जल संकट इतना गहरा गया है कि नगर निगम भी समुचित तरीके से पानी की आपूर्ति नहीं कर पा रहा है। उधर, गढ़वा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इसे देखते हुए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा चापाकल मरम्मत अभियान की शुरुआत की गयी है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने समाहरणालय परिसर से जिले के सभी प्रखंडों के लिए मरम्मत वाहन को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ये वाहन प्रखंडों में जाकर खराब पड़े चापानलों की मरम्मत करेगा।

******************

जमशेदपुर के दलमा में महुआ से कई खाद्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इसके लिए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

******************

वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद, अमेरिकी टैरिफ के बीच भारतीय प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत हरे निशान में हुई। सेंसेक्स 1,169 अंक यानी 1 दशमलव 60 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,307 पर और निफ्टी 375 अंक यानी 1 दशमलव 69 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,536 पर खुला। लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉलकैप सभी ऊपर उठे। सेक्टोरल मोर्चे पर, सभी सूचकांक हरे निशान में ट्रेड कर रहे थे। पीएसयू बैंक, वित्तीय सेवाएं, मेटल, रियल्टी, ऊर्जा, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा और रियल्टी प्रमुख लाभार्थी रहे।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोना का भाव 85 हजार प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो रहेगी।

******************

- कोडरमा के झुमरी तिलैया में एक जूता गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण गोदाम में रखें लाखों रुपए के जूते और चप्पल जलकर राख हो गए हैं। फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही है।
- चतरा के उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा आज से जिले के सभी प्रखंडों में जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। पहला जनता दरबार का आयोजन प्रतापपुर प्रखंड में किया गया।
- कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र तेतरोन पंचायत के ग्राम पांडु में दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

******************

मौसम विभाग ने रांची समेत पूरे राज्य में आज से 11 अप्रैल तक आंधी–बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि मौसम में बदलाव होने के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट आयेगी।

******************

जेएससीए अंतर जिला अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए रांची जिला की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गयी है। वैभव संतोष कुमार को टीम का कप्तान बनाया गया है। रांची का पहला मैच कल लातेहार में गिरिडीह से होगा।

******************